C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 240 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 23 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## कोटा से 'गांव ग्वाल योजना' की शुरुआतः हर गांव में होगा नियुक्त ग्वाला, 10 हजार मासिक मानदेय

### गोपालन को संगठित स्वरूप, गोचर भूमि संरक्षण और ग्रामीण रोजगार सृजन पर फोकस






**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा।**

**गर्वित** । ग्रामीण परंपरा को पुनर्जीवित करते हुए कोटा जिले से 'गांव ग्वाल योजना' की शुरुआत की गई। चेचट तहसील के खेड़ली गांव में आयोजित कार्यक्रम में श्री राम स्नेही संप्रदाय शाहपुरा पीठ के जगतगुरु स्वामी रामदयाल महाराज और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर की मौजूदगी में योजना का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम में रामगंजमंडी क्षेत्र के 14 चयनित गांव ग्वालों का मंच पर माला और साफा पहनाकर सम्मान किया गया। मंत्री दिलावर ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य गोपालन को संगठित स्वरूप देना, गोचर भूमि का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना और ग्रामीण बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराना है।

हर गांव में नियुक्त होगा 'गांव ग्वाला' योजना के तहत प्रत्येक चयनित गांव में एक गांव ग्वाला नियुक्त किया जाएगा। यह ग्वाला प्रतिदिन सुबह गांव के सभी गोवंश को एकत्र कर गोचर भूमि तक चराने ले जाएगा और शाम को सुरक्षित वापस गांव लाकर उनके मालिकों तक पहुंचाएगा।

हर गांव ग्वाल को 10 हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जाएगा। यह राशि गांव के लोग जनसहयोग से एकत्र कर गोसेवा के बदले देंगे। फिलहाल रामगंजमंडी क्षेत्र में 14 गांव ग्वाल तैयार किए गए हैं और अन्य गांवों को भी चिन्हित किया जा रहा है।

### सरकार का सीधा हस्तक्षेप नहीं

मंत्री दिलावर ने स्पष्ट किया कि योजना में सरकार या किसी विभाग का सीधा हस्तक्षेप नहीं रहेगा। यह पहल गोवंश प्रेमियों और स्थानीय जनसहयोग से संचालित होगी। गांव में एक समिति बनाई जाएगी, जिसमें भामाशाह, वार्ड पंच, सरपंच और अन्य ग्रामीण शामिल होंगे। यही समिति गांव ग्वाल का चयन और निगरानी करेगी।

चयनित व्यक्ति का नशामुक्त होना अनिवार्य रहेगा। गांव वाले स्वयं गांव ग्वाल तय करेंगे, ताकि जवाबदेही और पारदर्शिता बनी रहे।

### परंपरा की वापसी, समस्याओं का समाधान

मंत्री ने कहा कि आजादी से पहले ग्रामीण भारत में 'गांव ग्वाल' की परंपरा प्रचलित थी। एक व्यक्ति पूरे गांव के गोवंश को चराने ले जाता था और बदले में अन्न प्राप्त करता था। समय के साथ यह व्यवस्था समाप्त हो गई, जिससे गोवंश को खुले में छोड़ने की प्रवृत्ति बढ़ी। परिणामस्वरूप सड़कों पर हादसे और चारागाह भूमि पर अतिक्रमण जैसी समस्याएं सामने आईं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में चारागाह की कई जमीनों पर कब्जे हो चुके हैं और लोग गोवंश को चराने नहीं ले जाते। योजना के जरिए गोचर भूमि पर नियमित आवाजाही सुनिश्चित होगी, जिससे अतिक्रमण रुकेगा और गोवंश को प्लास्टिक व पॉलीथिन खाने जैसी समस्याओं से भी बचाया जा सकेगा।

### पूरे राजस्थान में विस्तार की तैयारी

दिलावर ने घोषणा की कि फिलहाल योजना की शुरुआत कोटा से की गई है, लेकिन इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे राजस्थान में लागू किया जाएगा। योजना से ग्रामीण अंचलों में संगठित गोपालन व्यवस्था विकसित होगी और बेरोजगार युवाओं को सम्मानजनक कार्य मिलेगा।

## आरसी व्यास कॉलोनी में बड़ा हादसा टला, गिट्टी भरा डंपर दीवार से टकराया



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के रिहायशी इलाके आरसी व्यास कॉलोनी में रविवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब गिट्टी से भरा डंपर रिवर्स लेते समय बेकाबू होकर एक मकान की दीवार से जा टकराया। हादसे में दीवार और बोरिंग क्षतिग्रस्त हो गए, हालांकि गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार हादसा सुभाष नगर थाना क्षेत्र स्थित आरसी व्यास कॉलोनी में मकान के बाहर हुआ। डंपर चालक वाहन को पीछे ले जा रहा था, तभी लापरवाही के चलते वाहन संतुलन खो बैठा और मकान की बाहरी दीवार से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दीवार का हिस्सा टूट गया और बोरिंग को भी नुकसान पहुंचा।

हादसे के समय बच्चे घर के अंदर खेल रहे थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

टक्कर के बाद डंपर पलटने से भी बाल-बाल बच गया। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और चालक के प्रति नाराजगी जताई।

सूचना मिलते ही सुभाष नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची, घटनास्थल का जायजा लिया और डंपर को जब्त कर लिया।

## ट्रैफिक व्यवस्था सख्तः 279 चालान, 4 वाहन जब्त; पार्किंग जोन में ही वाहन खड़े करने की अपील

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने और यातायात व्यवस्था को सरल, सुगम एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव के निर्देश पर यातायात पुलिस ने व्यापक अभियान चलाया। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा शहर में साइलेंस जोन, चारपहिया और दुपहिया वाहनों के लिए पार्किंग स्थल तथा नो-पार्किंग जोन पूर्व में निर्धारित किए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद कई वाहन चालक निर्धारित स्थानों के बजाय मुख्य सड़कों पर वाहन खड़े कर रहे हैं, जिससे जाम और दुर्घटना की स्थिति बन रही है। प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि नियमों की अवहेलना करने पर वाहनों को क्रेन से उठाकर जब्त किया जाएगा।21 फरवरी को चलाए गए विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस ने संभावित दुर्घटना स्थलों और ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण कर संबंधित एजेंसियों से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक सुधार कार्य करवाए। भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अस्थायी अतिक्रमण हटवाकर यातायात को सुचारू किया गया। साथ ही वाहन चालकों को नियमों की जानकारी देकर जागरूक भी किया गया।



अभियान के दौरान मोटर वाहन अधिनियम के तहत कुल 279 चालान किए गए। इनमें तेज गति से वाहन चलाने पर 111, क्षमता से अधिक सवारी बिठाने पर 46, वाहन चलाते समय मोबाइल उपयोग करने पर 16, बिना हेलमेट 4, बिना सीट बेल्ट 11, काली फिल्म 14 तथा नो-पार्किंग में वाहन खड़ा करने पर 77 चालान शामिल हैं। इसके अतिरिक्त शराब पीकर वाहन चलाने के 4 मामलों में धारा 185 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन जब्त किए गए।

शहर में ओवरब्रिज क्षेत्र, जिला कलेक्ट्रेट, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सेशन कोर्ट रोड, राजेन्द्र मार्ग स्थित स्कूल-कॉलेज क्षेत्र तथा महात्मा गांधी चिकित्सालय सहित सभी अस्पतालों के आसपास साइलेंस जोन निर्धारित हैं। चारपहिया और दुपहिया वाहनों के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए हैं, जबकि कलेक्ट्रेट चौराहे से सीरत सराय रोड, स्टेशन चौराहा, गोल प्याऊ, महाराणा टॉकीज, बालाजी मार्केट, सुभाष मार्केट, कोतवाली मार्ग, राजेन्द्र मार्ग, मुरली विलास मार्ग, मशीनरी मार्केट और आजाद चौक मार्ग को नो-पार्किंग जोन घोषित किया गया है।

## खामोर में दिनदहाड़े चोरी, किसान के घर से नकदी व चांदी के आभूषण पार



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

**किशन** । क्षेत्र के खामोर गांव में एक बार फिर दिनदहाड़े चोरी की वारदात सामने आई है। किसान के सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोर नकदी और चांदी के आभूषण ले उड़े। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत और रोष का माहौल है।

पीड़ित महावीर गुर्जर पुत्र मेवा गुर्जर ने बताया कि वह दोपहर करीब 12:30 बजे गोवंश के लिए चारा लेने खेत पर गया था। करीब 2 बजे लौटने पर मकान के पीछे का गेट खुला मिला और कमरे का ताला टूटा हुआ था। पास ही लोहे की सांबल पड़ी थी और टूटा ताला जमीन पर पड़ा मिला।

कमरे के अंदर जाने पर लोहे का छोटा बक्सा खुला हुआ मिला, जिसमें रखे 5,500 रुपए गायब थे। कमरे में कपड़े अस्त-व्यस्त पड़े थे। कपड़ों के नीचे रखे करीब 400 ग्राम चांदी के 'कुच्या' भी चोरी हो गए। पीड़ित किसान ने बताया कि ये चांदी के आभूषण उसकी पत्नी के थे, जो खेतों में मेहनत से जुटाए गए थे। गौरतलब है कि सितंबर माह में भी इसी प्रकार दिनदहाड़े किसान परिवार के घर से लाखों रुपए के गहने और नकदी चोरी हुई थी। इसके अलावा पूर्व में हुई सोने-चांदी की 3 से 4 बड़ी वारदातों का अब तक खुलासा नहीं हो पाया है। लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी है।

## काशी सा नजाराः हरिशेवा धाम की गंगा आरती में उमड़ रहे हजारों श्रद्धालु

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

**मूलचंद पेसवानी** । हरिशेवा उदासीन सनातन मंदिर में आयोजित सनातन मंगल महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन हो रही काशी परंपरा की गंगा आरती ने शहर की शाम को आध्यात्मिक उत्सव में बदल दिया है। सूर्यास्त होते ही दीपों की रोशनी, शंखनाद, घंटियों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आरती का दिव्य दृश्य श्रद्धालुओं को गंगातट का अनुभव कराता है।

महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज ने बताया कि आरती पूर्ण वैदिक विधि से तीन सेवादारों व पंडितों द्वारा संपन्न की जाती है। उन्होंने कहा कि यह केवल अनुष्ठान नहीं, बल्कि नकारात्मक ऊर्जा के विसर्जन और सकारात्मक चेतना के जागरण का माध्यम है।



बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और बुजुर्ग प्रतिदिन इसमें शामिल होकर इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं। रविवार को वासुदेव देवनानी, विधायक अशोक कोठारी सहित सैकड़ों संत-महात्मा और हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। देशभर से आए 180 से अधिक विद्वान काशी व वृंदावन की परंपरा अनुसार यज्ञ, वेदपाठ और भागवत मूल पाठ कर रहे हैं।

महोत्सव में प्रतिदिन शाम 7 बजे श्रीधाम वृंदावन के कलाकारों द्वारा रासलीला का मंचन भी किया जा रहा है, जिसमें श्रीकृष्ण लीला के प्रसंगों के माध्यम से भक्ति, सेवा और प्रेम का संदेश दिया जा रहा है। आयोजन अब शहर के लिए आध्यात्मिक आकर्षण का केंद्र बन चुका है।

' भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के
समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक
घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित
करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

C M Y K

# टायर फटते ही हाईवे पर मची अफरा-तफरी, आधा दर्जन वाहन भिड़े , 2 घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

मांडल थाना क्षेत्र के अजमेर-भीलवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को कोठारी नदी के पास एक ट्रक का अचानक टायर फटने से भीषण सड़क हादसा हो गया। अचानक ब्रेक और अफरा-तफरी के बीच पीछे आ रहे वाहन एक-दूसरे से टकराते चले गए, जिससे हाईवे पर कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। हादसे में आधा दर्जन से अधिक वाहन क्षतिग्रस्त हुए तथा दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक का टायर पंचर होते ही वाहन असंतुलित हो गया। पीछे से आ रहे ट्रैक्टर, बाइक, ट्रेलर, ट्रक और कार सहित कई वाहन आपस में भिड़ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी



कि कई वाहनों के आगे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही मांडल पुलिस मौके पर पंहुची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को तुरंत मांडल के उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

# पार्श्वनाथ तपोभूमि पर बड़े बाबा का 7वां स्थापना दिवस उत्साह से मनाया


## आज मुनि योग सागर का होगा भव्य मंगल प्रवेश, दो परंपराओं का संगम बनेगा तीर्थ क्षेत्र

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**

23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ की पावन तपोभूमि पर रविवार को बड़े बाबा की प्रतिमा का सातवां स्थापना दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। प्रातःकाल मुख्य शांति धारा एवं प्रथम अभिषेक का सौभाग्य रांची (झारखंड) निवासी विमल कुमार, सरिता, आदित्य एवं रीमा जैन सोगानी परिवार को प्राप्त हुआ। वहीं यमुना विहार (दिल्ली) के जुगल किशोर एवं सुशीला रावत परिवार की ओर से श्रद्धालुओं के लिए स्नेह भोज का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुनि वैराग्य सागर एवं मुनि सुप्रभ सागर के मंगल प्रवचन हुए। मुनि सुप्रभ सागर ने कहा कि जिन दर्शन से सम्यक दर्शन की प्राप्ति होती है और जो श्रावक जिनालयों में जिन बिंब की स्थापना कराते हैं, उन्हें सातिशय पुण्य का लाभ मिलता है। उन्होंने पार्श्वनाथ तपोदय तीर्थ पर 31 फीट ऊंची पद्मासन प्रतिमा की स्थापना कराने वाले परिवार को आशीर्वाद देते हुए जिन शासन की प्रभावना में सक्रिय रहने का आह्वान किया। स्थापना दिवस पर पार्श्वनाथ विधान की पूजा-अर्चना की गई तथा जिनालय को आकर्षक विद्युत सज्जा से अलंकृत किया गया। समारोह में आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में जैन श्रावकों की उपस्थिति रही।

समाधि सम्राट आचार्य विद्यासागर जी महाराज के लौकिक जीवन के लघु भ्राता एवं ज्येष्ठ निर्यापक मुनि योग सागर महाराज का सोमवार प्रातः



बिजौलियां पार्श्वनाथ तीर्थ क्षेत्र में भव्य मंगल प्रवेश होगा। बुंदेलखंड से राजस्थान की पदयात्रा पर निकले मुनि संघ के 12 पिच्छी धारक श्रमण कोटा से डाबी होते हुए तीर्थ क्षेत्र पहुंचेंगे। तीर्थ पर आचार्य वर्धमान सागर जी के शिष्य मुनि वैराग्य सागर एवं मुनि सुप्रभ सागर उनकी अगुवानी करेंगे। तीर्थ क्षेत्र कमेटी द्वारा मुनि संघ के स्वागत की व्यापक तैयारियां की गई हैं। यह अवसर दो परंपराओं के मिलन के रूप में विशेष महत्व रखेगा।

# भीलवाड़ा में पुलिस का बड़ा एक्शन : एक दिन में 103 टीमें रही सक्रिय, 247 अपराधी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी और एरिया डोमिनेशन के उद्देश्य से रविवार को भीलवाड़ा पुलिस ने व्यापक स्तर पर एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में आयोजित इस अभियान के तहत 103 विशेष टीमों का गठन किया गया, जिनमें 453 पुलिस अधिकारी और कार्मिक शामिल रहे। टीमों ने जिलेभर में एक साथ 430 स्थानों पर दबिश देकर कुल 247 अपराधियों को गिरफ्तार किया।

अभियान की रणनीति अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन तथा सभी वृत्ताधिकारियों और थानाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद तैयार की गई। थानावार लक्ष्य तय कर विशेष टीमें गठित की गई और दबिश के लिए रूट चार्ट बनाकर कार्रवाई को अंजाम दिया गया। कार्रवाई के दौरान एनडीपीएस एक्ट के तहत 2 प्रकरण दर्ज कर 1 किलो 300 ग्राम अवैध डोडा चूरा, 650 ग्राम गांजा और 172 ग्राम अफीम जब्त की गई। वहीं आबकारी एक्ट में 9 मामले दर्ज कर 28 लीटर अवैध शराब जब्त की गई तथा 5205 लीटर वॉश नष्ट किया गया।

अभियान में स्थाई वारंटी, उद्घोषित अपराधी, गिरफ्तारी वारंट एवं सहित अन्य के तहत 66 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा 12 एचएस/हार्डकोर/ईनामी अपराधियों को पकड़ा गया। जघन्य अपराधों में वांछित 2 तथा सामान्य प्रकरणों में वांछित 4 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। असामाजिक तत्वों में 159 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए इस तरह के अभियान निरंतर संचालित किए जाएंगे।

# समाज सुधार के एजेंडे के साथ जिला माहेश्वरी सभा की कार्यसमिति बैठक संपन्न

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिला माहेश्वरी सभा की कार्यसमिति बैठक रविवार को हुरड़ा के माहेश्वरी भवन में जिलाध्यक्ष अशोक बाहेती की अध्यक्षता में आयोजित हुई। दीप प्रज्वलन बसंतीलाल कालिया, राजकुमार कालिया, प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचानी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कैलाश कोठारी, राधेश्याम सोमानी, जिला मंत्री रमेश चंद्र राठी सहित पदाधिकारियों ने किया।

बैठक में समाज सुधार से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। कन्या जन्म को उत्सव के रूप में



मनाने, तीसरी संतान पर प्रोत्साहन राशि देने, बालिका की विवाह आयु 22 वर्ष एवं बालक की 25 वर्ष निर्धारित करने तथा निर्धारित आयु में विवाह करने वाले दंपत्तियों को शगुन व सम्मान देने का निर्णय लिया गया। साथ ही बेबी शावर, बैचलर पार्टी व फिजूलखर्ची वाले आयोजनों पर सामाजिक स्तर पर प्रतिबंध का प्रस्ताव रखा गया। प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम चेचानी ने संगठन की एकजुटता पर जोर दिया। कैलाश कोठारी व राधेश्याम सोमानी ने महासभा के शिक्षा, चिकित्सा व आर्थिक सहायता प्रकल्पों की जानकारी दी। अर्थ मंत्री राजकुमार कालिया ने बताया कि विभिन्न ट्रस्टों के माध्यम से प्रतिवर्ष 10-11 करोड़ रुपये की सहायता समाजजनों तक पहुंच रही है।

अंत में शिव कास्ट ने आभार व्यक्त किया। बैठक में प्रदीप बलदवा, रामकिशन सोनी, रमेश बसेर, सत्येंद्र बिरला, दीनदयाल मारू, ओमप्रकाश गटयाणी, देवेंद्र सोमानी, राघव कोठारी सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे। हुरड़ा तहसील सभा ने रामपाल सोनी को अटल अवार्ड व समाज रत्न से सम्मानित होने पर अभिनंदित किया।

# सांवरिया सेठ दरबार में रंगों की बरसात, चंग की थाप पर झूमे श्रद्धालु



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

वस्त्रनगरी के निकट नौगांवा स्थित माधव गौशाला परिसर रविवार को लघु वृंदावन सा नजर आया। श्री सांवरिया सेठ मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित फाग महोत्सव में भजन, चंग की थाप और अबीर-गुलाल के बीच श्रद्धालु ठाकुरजी के रंग में रंगे दिखाई दिए।

कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान सांवरिया सेठ के दुग्धाभिषेक व पंचामृत अभिषेक से हुई। पुजारी दीपक आनंद पाराशर ने विशेष फाग श्रृंगार किया। 70 से अधिक व्यंजनों से सजे छप्पन भोग को भगवान को अर्पित किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद प्रसाद सोडाणी ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य गौसेवा और भक्ति को एक सूत्र में जोड़ना है।

भजन गायिका मिताली की प्रस्तुतियों पर पंडाल झूम उठा। बनारस शैली की



महाआरती ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। संघ प्रचारक सुरेश भाई ने गौसेवा और श्रीकृष्ण भक्ति का संदेश दिया। आयोजन में मदन गोपाल और रवि कालरा का सहयोग रहा।

महाआरती के बाद हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। ट्रस्ट ने 27 मार्च से गोवत्स राधाकृष्ण महाराज के श्रीमुख से भागवत समरसता महोत्सव आयोजित करने की घोषणा की।

# 10 हजार का ईनामी एनडीपीएस आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी को शादी से लौटते समय दबोचा

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले में फरार एवं ईनामी आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पण्डेर थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में वांछित 10 हजार रुपये के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने कार्रवाई ने थानाधिकारी पण्डेर कमलेश कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई ।

पुलिस ने बताया की बीते वर्ष 2 दिसंबर को पुलिस थाना गुलाबपुरा ने 29 मील स्थित एनएच-48 पर एजीटीएफ की सूचना पर नाकाबंदी कर ट्रक को रोककर तलाशी ली थी। तलाशी के दौरान ट्रक से 304 किलो 700 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा बरामद किया गया था। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच थाना पण्डेर को सौंपी गई थी। मौके पर गिरफ्तार दो आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि अवैध डोडा चूरा मंगवाने वाला मुख्य आरोपी राधेश्याम उर्फ भाणु पुत्र अर्जुन सिंह जाट (29) निवासी एलएम, घड़साणा, श्रीगंगानगर है।

मामले के खुलासे के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार स्थान बदल रहा था। पुलिस उसकी पिछले तीन महीनों से तलाश कर रही थी।

रविवार को मुखबिर की सूचना पर उसे एक शादी समारोह से लौटते समय गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से पूछताछ जारी है।

# 27वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां शुरू, 4 अप्रैल को पूर्व विधायक विवेक धाकड़ की प्रतिमा का अनावरण

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**

(नरेश धाकड़)। ऊपरमाल आदर्श धाकड़ समाज के 27वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सेकंडरी स्कूल प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सम्मेलन की व्यवस्थाओं के साथ-साथ आगामी 4 अप्रैल को मांडलगढ़ के पूर्व विधायक स्वर्गीय विवेक धाकड़ की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम पर भी विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन कमेटी के अध्यक्ष ओंकारलाल धाकड़ की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चेरिटेबल ट्रस्ट की चेयरमैन दीपशिखा धाकड़ सहित समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बताया



गया कि 26 अप्रैल को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए अब तक 15 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है। बैठक में सम्मेलन को सफल बनाने हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं पर निर्णय लिए गए तथा प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

# बनेड़ा पुलिस की कार्रवाई: 57 किलो डोडा चूरा व फॉर्च्यूनर जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत थाना बनेड़ा पुलिस ने 57 किलो 120 ग्राम अवैध डोडा चूरा और एक फॉर्च्यूनर कार जब्त की है। पुलिस में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया की 19-20 फरवरी की मध्यरात्रि को आगूचा रोड पर नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध फॉर्च्यूनर को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक वाहन डिवाइडर पर चढ़ाकर फरार हो गया।

बाद में ग्राम घरटा के पास खेतों की ओर कच्चे रास्ते पर क्षतिग्रस्त हालत में कार मिली। टायर फटने से आरोपी वाहन छोड़कर भाग गया। तलाशी में कार से 4 कट्टों में भरा 57 किलो 120 ग्राम डोडा चूरा बरामद हुआ। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।

# 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भीमगंज थाना पुलिस ने 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान वांछित 5,000 रुपये के इनामी आरोपी नितेश बंसल (50) पुत्र रामबाबू, निवासी 43 वैभव नगर, भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने धोखाधड़ी कर एक कार प्राप्त की थी, जिसे जब्त कर लिया गया है। अनुसंधान के बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# फाल्गुन महोत्सव : श्री श्याम मंदिर में रक्तदान शिविर, 427 यूनिट रक्त संग्रहित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

काशीपुरी धाम स्थित श्री श्याम मंदिर में फाल्गुन महोत्सव की शुरुआत भव्य रक्तदान शिविर से हुई, जिसमें 427 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर का शुभारंभ जिंदल सॉ लिमिटेड के एचआर एवं एडमिन हेड डॉ. एस.बी. सिन्हा व रोहित जोशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। रक्त संग्रहण में महात्मा गांधी चिकित्सालय ब्लड बैंक (54 यूनिट), कोटड़ी श्याम ब्लड बैंक (23 यूनिट), भीलवाड़ा ब्लड बैंक (100 यूनिट) और अरिहंत चिकित्सालय (250 यूनिट) की टीमों ने सहयोग दिया। बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं व प्रथम बार रक्तदाताओं ने भाग लिया। विधायक



अशोक कोठारी ने शिविर का अवलोकन कर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। समिति अध्यक्ष सुरेश पोद्दार ने बताया कि इस वर्ष व्यवस्थाएं खाटू धाम की तर्ज पर की गई हैं। 26 फरवरी को अखंड ज्योत पाठ, 27 फरवरी को निशान यात्रा, छप्पन भोग व भजन संध्या तथा 28 फरवरी को कीर्तन व महाआरती के साथ विशेष आयोजन होंगे।




QUICK BITES

## मीणा समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



**मानव तिवाड़ी ।** मीणा समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर बैठक का आयोजन मीणा छात्रावास में रतिराम मीणा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में अब तक पांच जोड़ों के पंजीयन होने की जानकारी दी गई तथा वर-वधू को प्रदान की जाने वाली सामग्री पर विस्तार से चर्चा की गई।

समाज पदाधिकारियों ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए पंजीयन प्रक्रिया जारी है और अधिक से अधिक योग्य जोड़ों से आवेदन करने का आह्वान किया गया।

बैठक में प्रभुलाल, शंभू, कैलाश, ऊंकार, रामप्रसाद, प्रकाश, भंवरलाल, बनवारी, हीरालाल, नारायण, फूलचंद, लोकेश, सूरजमल सहित कई समाजजन उपस्थित रहे।

## एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ से आसींद कार्यकर्ताओं की शिष्टाचार भेंट

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।



एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव संदीप चावला एवं आसींद विधानसभा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश गुर्जर के नेतृत्व में रविवार को कार्यकर्ताओं ने दिल्ली पहुंचकर नव नियुक्त एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ से शिष्टाचार भेंट की।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने विनोद जाखड़ को राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त होने पर शुभकामनाएं एवं बधाई दी। मुलाकात के दौरान भीलवाड़ा जिले तथा प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठनात्मक गतिविधियों एवं छात्र हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई।

विनोद जाखड़ ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनएसयूआई को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत किया जाएगा तथा युवाओं और छात्रों की आवाज को राष्ट्रीय मंच तक प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा।इस अवसर पर एनएसयूआई एवं यूथ कांग्रेस के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं के लिए सामूहिक बीमा लागू करने की तैयारी, बैठक में सर्वसम्मति

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



जिला अभिभाषक संस्था की जिला न्यायालय परिसर में अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़ के सानिध्य में अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह सचिव आदित्य सिंह चौहान एवं पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली सहित कई अधिवक्ता उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष राठौड़ ने कहा की वकील समाज के पीड़ित वर्ग को न्याय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पीड़ित पक्षकार अपनी पीड़ा अधिवक्ता को बताकर निश्चिंत हो जाता है और अधिवक्ता अपने मुवक्किल को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि कार्य के दौरान अधिवक्ताओं को कई प्रकार के जोखिमों का सामना करना पड़ता है तथा कई बार उन्हें अपने प्रैक्टिस स्थल से अन्य न्यायालयों में भी जाना पड़ता है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए सामूहिक बीमा योजना का प्रस्ताव कार्यकारिणी एवं उपस्थित अधिवक्ताओं के समक्ष रखा गया।

बैठक में सभी अधिवक्ताओं ने एकमत से प्रस्ताव का समर्थन करते हुए वकीलों की जान-माल की सुरक्षा के लिए सामूहिक बीमा योजना, मेडिक्लेम पॉलिसी और स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने की मांग की। मीडिया प्रभारी पीरू सिंह गौड़ ने बताया कि अध्यक्ष राठौड़ ने बीमा क्षेत्र में कार्यरत सरकारी, अर्द्धसरकारी एवं निजी कंपनियों से अधिवक्ताओं के लिए विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख करने को कहा गया है कि बीमा के तहत कौन-कौन सी बीमारियां कवर होंगी, किन अस्पतालों में सुविधा उपलब्ध होगी, कैशलेस सुविधा कहां मिलेगी तथा मेडिक्लेम एवं एक्सीडेंटल पॉलिसी का प्रीमियम कितना होगा।

बीमा कंपनियों से इन सभी बिंदुओं पर प्रस्ताव तैयार कर सोमवार को जिला अभिभाषक संस्था कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा गया है। प्राप्त प्रस्तावों की समीक्षा के बाद सर्वाधिक सुविधाएं देने वाली और कम प्रीमियम वाली बीमा कंपनी का चयन कर अधिवक्ताओं के लिए सामूहिक बीमा योजना लागू की जाएगी।

# त्रिवेणी संगम पर तुलसी विवाह व सामूहिक विवाह सम्मेलन, 11 जोड़े बने हमसफर

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।

त्रिवेणी संगम पर राव जाटों के समाज संस्था सिंगोली चारभुजा द्वारा तुलसी विवाह एवं सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

प्रवक्ता कमलेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीराम की बारात स्वागत के साथ हुई। जुलूस, बिंदोरी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच विवाह समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। नागौर के कलाकारों ने मारवाड़ी खेल प्रस्तुत कर आकर्षण बढ़ाया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल रहे। कार्यक्रम में समाज के बुजुर्गों का सम्मान तथा प्रतिभा सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें बोर्ड परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों एवं राज्य व राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।



शाम को विवाह संपन्न होने के बाद विदाई समारोह आयोजित कर 11 जोड़ों को विदाई दी गई। कार्यक्रम में समाज के कई पदाधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# गर्मी से पहले ही खामोर में जल संकट गहराया, 7-8 दिन में मिल रहा पानी

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**( किशन ) ।** ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत से पहले ही खामोर क्षेत्र में पेयजल संकट गहराने लगा है। तापमान ने अभी पूरी तरह तेवर नहीं दिखाए हैं, लेकिन जलापूर्ति व्यवस्था पहले ही लड़खड़ाती नजर आ रही है। खामोर सहित ग्राम कल्याणपुरा, बहका खेड़ा, रामपुरा, इंदिरा कॉलोनी और करेशिया का खेड़ा में 7 से 8 दिन के अंतराल में पानी की सप्लाई हो रही है, जिससे आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।



कल्याणपुरा की टूटी लाइन 6 माह बाद भी दुरस्त नहीं

ग्रामीणों का कहना है कि सुबह से महिलाएं खाली मटके और बर्तन लेकर नलों के पास बैठी रहती हैं, लेकिन कई बार घंटों इंतजार के बाद भी पर्याप्त पानी नहीं मिलता। बुजुर्गों और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। जिन परिवारों के पास निजी साधन नहीं हैं, उन्हें दूरस्थ हैंडपंपों या महंगे टैंकरों का सहारा लेना पड़ रहा है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए स्थिति और भी गंभीर है।ग्रामीणों ने जलदाय विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि शिकायत करने पर कभी पाइपलाइन लीकेज तो कभी चंबल परियोजना से कम सप्लाई का हवाला दिया जाता है, लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो रहा। क्षेत्र में चंबल पंप हाउस और करीब डेढ़ लाख लीटर क्षमता का स्टोरेज टैंक होने के बावजूद नियमित जलापूर्ति नहीं होना विभागीय दावों पर सवाल खड़े कर रहा है। लोगों का कहना है कि यदि पर्याप्त स्टोरेज उपलब्ध है तो फिर सप्लाई में अनियमितता क्यों है।

इधर, कल्याणपुरा में पिछले छह माह से ठप पड़ी जलापूर्ति को लेकर भी ग्रामीणों में रोष है। एमडीआर सड़क निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त पाइपलाइन के कारण लगभग 40 घरों में पानी की सप्लाई बंद है। करीब 10 दिन पूर्व जलदाय विभाग के एक्सईएन मयंक शर्मा ने 7 से 10 दिन में मरम्मत कार्य शुरू करने का आश्वासन दिया था, लेकिन निर्धारित समय गुजरने के बाद भी कार्य शुरू नहीं हो सका। ग्रामीणों का कहना है कि आश्वासनों के बावजूद न तो मशीनरी पहुंची और न ही मरम्मत कार्य शुरू हुआ।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से चंबल पंप हाउस की कार्यप्रणाली की जांच, स्टोरेज व सप्लाई शेड्यूल सार्वजनिक करने तथा जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही सभी प्रभावित गांवों में नियमित और पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग उठाई है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि अभी यह हाल है तो मई-जून की भीषण गर्मी में स्थिति और भयावह हो सकती है। फिलहाल खामोर अंचल के लोग प्यास बुझाने के लिए नियमित पानी की आस लगाए बैठे हैं।


भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


## भीलवाड़ा में सनातन मंगल महोत्सव

# देवनानी बोले सेवा और संस्कार से बनेगा भारत महामार्गदर्शक





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**मूलचंद पेसवानी ।** हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के तत्वावधान में आयोजित आठ दिवसीय सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह के चौथे दिन रविवार को वासुदेव देवनानी ने श्रीमद् भागवत कथा में भाग लेकर आशीर्वाद लिया। उन्होंने आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि सनातन धर्म सेवा और संस्कार की शिक्षा देता है तथा भारत को महाशक्ति नहीं, बल्कि विश्व का 'महामार्गदर्शक' बनना है।

कार्यक्रम में वृन्दावन के कथा व्यास डॉ. श्यामसुन्दर पाराशर ने नृसिंह, वामन, राम और कृष्ण जन्म प्रसंगों का भावपूर्ण वाचन किया। उन्होंने कहा कि जब जीव का संबंध परमात्मा से जुड़ जाता है तो जन्म-मरण के बंधन समाप्त हो जाते हैं। कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान पांडाल में उल्लास का वातावरण रहा और श्रद्धालु झूम उठे। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज के सानिध्य में चल रहे महोत्सव में वैदिक अनुष्ठान, पंचकुंडीय विष्णु महायज्ञ, अखंड गीता व रामचरितमानस पाठ तथा रासलीला का आयोजन किया जा रहा है। शाम को गंगा आरती में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

कथा पांडाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का भी श्रवण किया गया। महोत्सव के तहत श्रीमद् भागवत कथा 25 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक आयोजित होगी।

## विधानसभा अध्यक्ष देवनानी का किया स्वागत



राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के भीलवाड़ा आगमन पर भाजपा नेता विनोद झुरानी के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया सनात्तन मंगल महोत्सव के कार्यक्रम के निमित विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार को दोपहर 3 बजे हरिशेवा धाम पधारे जहाँ सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता विनोद झुरानी के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया व सनातन संस्कृति का दुपट्टा पहनकर अभिनंदन किया। हरिशेवा धाम पहुचने पर विधायक अशोक कोठारी पूर्व जिलाध्यक्ष लादुलाल तेली पूर्व महापौर राकेश पाठक भाजपा वरिष्ट नेता भगवान सिंह ने भी दुपट्टा पहना कर स्वागत किया । इस अवसर पर रमेश मूंदड़ा जयकांत पत्रिया बाबूलाल टांक महेंद्र घबरानी किशोर लखवानी पंकज आडवाणी महेश सिन्धी रमेश सिंधी उपस्थित रहे ।


# आजाद चौक में आधुनिक शौचालय का उद्घाटन हुआ लेकिन सुविधाओ पर लगा ताला

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

नगर निगम में भाजपा बोर्ड के कार्यकाल के अंतिम दिनों में शहर में ताबड़तोड़ लोकार्पण किए गए। इसी क्रम में महापौर राकेश पाठक व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा शहर के सबसे व्यस्ततम आजाद चौक में करीब 50 लाख रुपए की लागत से अत्याधुनिक शौचालय एवं महिला स्नानघर का लोकार्पण 6 फरवरी को किया गया।

हालांकि लोकार्पण के कुछ समय बाद ही उक्त शौचालय पर ताला लग गया, जिससे बाजार में खरीददारी के लिए आने वाली महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुविधा शुरू नहीं होने





से आमजन को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में जेईएन सुरेश गर्ग ने बताया कि शौचालय के संचालन व साफ-सफाई के लिए टेंडर प्रक्रिया शेष है। प्रक्रिया पूरी होते ही इसे सुचारू रूप से शुरू कर दिया जाएगा। वहीं आसपास के कुछ लोगों का कहना है कि अभी निर्माण कार्य के कुछ हिस्से अधूरे हैं, जिसके कारण ताला लगाया गया है। उधर, क्षेत्रीय पूर्व पार्षद विजय लड्ढा से जब निर्माण लागत के बारे में जानकारी चाही गई तो उन्होंने अनभिज्ञता जताई। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि यदि कार्य पूर्ण नहीं हुआ था तो लोकार्पण क्यों किया गया। क्या यह केवल कार्यकाल के विकास कार्यों को प्रदर्शित करने के लिए था या इसके पीछे कोई और कारण है?

लोकार्पण कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल, निवर्तमान सांसद सुभाष बहेड़िया, शहर विधायक अशोक कोठारी, पूर्व विधायक विट्ठलशंकर अवस्थी, महापौर राकेश पाठक, जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, राजकुमार आंचलिया, रामलाल योगी, धर्मेन्द्र पारीक (नेता प्रतिपक्ष), विजय कुमार लड्ढा (क्षेत्रीय पार्षद) सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे थे ।

# जनजाति सुरक्षा मंच की बैठक, संशोधन को लेकर जनजागरण अभियान, 24 मई को दिल्ली में होगी जनजाति गर्जना रैली

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**रमेश गुर्जर ।** जनजाति सुरक्षा मंच राजस्थान की जिला कार्यशाला नला का माताजी के मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई। कार्यक्रम में विभाग संगठन मंत्री नरेन्द्र कुमार ने भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर आगामी 24 मई को नई दिल्ली में विशाल सांस्कृतिक समागम एवं 'जनजाति गर्जना रैली' आयोजित करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि देश के 755 अनुसूचित जनजाति समुदायों के लगभग 10 लाख प्रबुद्धजन संविधान के अनुच्छेद 342



में संशोधन की मांग को लेकर दिल्ली कूच करेंगे। नरेन्द्र कुमार ने कहा कि अनुसूचित जनजाति की सांस्कृतिक पहचान, परंपराओं और मूल विशेषताओं की रक्षा के लिए अनुच्छेद 342 में संशोधन आवश्यक है। डीलिस्टिंग की मांग को लेकर देशभर में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। डाबी-बिजोलिया क्षेत्र से करीब 2 हजार लोगों के दिल्ली जाने की तैयारी है।कार्यशाला में 25 ग्राम पंचायतों से 65 कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मांगीलाल भील चित्तौड़िया को अध्यक्ष तथा डाबी अध्यक्ष के रूप में राजूलाल भील देवगढ़ को जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस अवसर पर विभाग श्रद्धा जागरण प्रमुख अर्जुन लाल, जिला अध्यक्ष रूपचंद चौहान, जिला संगठन मंत्री पहलवान एवं प्रचार प्रमुख राकेश भील सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निशुल्क थ्री डी रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट शिविर में 80 से अधिक मरीजों ने लिया लाभ

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद के तत्वावधान में अशोक नगर स्थित हेलन केलर संस्थान में आयोजित निशुल्क थ्री डी रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट ओपीडी शिविर में 80 से अधिक मरीजों ने विशेषज्ञ परामर्श प्राप्त किया।

शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा तथा विशिष्ट अतिथि एडवोकेट गौरव आचार्य एवं समाजसेवी राजेंद्र पुष्पा गोखरू की उपस्थिति में हुआ। अहमदाबाद से आए विशेषज्ञ डॉ. दर्शन शाह ने घुटनों, कूल्हों एवं अन्य



जोड़ों की समस्याओं से पीड़ित मरीजों को निःशुल्क परामर्श दिया तथा आधुनिक थ्री डी रोबोटिक तकनीक से उपचार की जानकारी दी।

परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बंब एवं कार्यक्रम संयोजक अभिषेक पोखरना ने बताया कि शिविर में श्री राम पथ फाउंडेशन एवं स्माइल फाउंडेशन का सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान डॉ. दर्शन शाह, विनीत राणावत व एडवोकेट गौरव आचार्य का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। संचालन ललित मधु लोढ़ा ने किया। इस अवसर पर परिषद मार्गदर्शक सीए महावीर सुनीता गांधी, सुनील बालर, प्रदीप चौधरी, अंकित सोमानी, शेफाली गोयल, नेहा चोरड़िया, कुसुम श्रीश्रीमाल, अलका बंब, ललित लोढ़ा, ललित बोहरा, सीए नवजोत सिंह, कमल वैशनानी, सीए बलवीर डागलिया, सुरेश बंब, आनंद लोढ़ा, रतन देसरडा, प्रतीक बापना, दिनेश खरवड़, ज्ञानचंद पगारिया, विपिन जैन, मोहित शर्मा, पवन कुमार राठी, चंद्रेश हिरण, गौतम डांगी, नरेंद्र पीपाड़ा, मितेश, हर्ष राठी, त्रिदेव मूंदड़ा, मितेश सोडाणी, प्रदीप जागेटिया, अनिल जैन, संजय, मनोज, अंजु अग्रवाल, मीनू पागरिया, पिंकी सोनी, पूनम खेमका सहित कई पदाधिकारी व गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# दिक्षार्थी की भव्य बिंदोरी निकाली, 26 फरवरी को पदमपुरा में होगी दीक्षा घोषणा

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ।**

कस्बे में दिगम्बर जैन समाज द्वारा दिक्षार्थी लादु लाल जैन धनोपिया निवासी झांतला, नीमच के मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर होने के शुभ भावों के उपलक्ष्य में भव्य बिंदोरी (शोभायात्रा) निकाली गई।

दिक्षार्थी की दीक्षा की घोषणा आगामी 26 फरवरी को अतिशय क्षेत्र पदमपुरा में की जाएगी। इस पावन अवसर को लेकर कस्बे में धार्मिक उत्साह का माहौल रहा।

शोभायात्रा कस्बे में सुरेश सेठिया के निवास से प्रारंभ होकर धना लाल सेठिया के मकान से



होती हुई जैन मंदिर पहुँची, जहाँ गोद भराई की रस्म सम्पन्न हुई। बिंदोरी में समाज के महिला-पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे मार्ग में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा।

# फाग गीतों की गूंज के साथ मुरली मनोहर व बगीची बालाजी मंदिर में फाग उत्सव



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।**

बड़लियास कस्बे के मुरली मनोहर मंदिर और बगीची के बालाजी मंदिर प्रांगण में महिला सखी मित्र मंडल द्वारा श्रद्धा और उल्लास के साथ फाग उत्सव मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। महिलाओं ने फागणिया वेशभूषा में पारंपरिक फाग गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि फागोत्सव रंगों के साथ-साथ प्रेम, एकता और संस्कृति को सहेजने का पर्व है।उत्सव के अंत में बालाजी मंदिर में छप्पन भोग, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# 20 मार्च को चेटीचंड महापर्व , सामूहिक मुंडन-यज्ञोपवीत, विशाल शोभायात्रा; व्यापार रहेगा बंद



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**मूलचंद पेसवानी ।** सिंधी समाज के आराध्य भगवान भगवान झूलेलाल के अवतरण दिवस पर 13 से 20 मार्च तक 8 दिवसीय चेटीचंड महापर्व मनाया जाएगा। 20 मार्च को मुख्य आयोजन में सामूहिक मुंडन एवं यज्ञोपवीत संस्कार, बहराणा स्थापना, भजन-कीर्तन तथा शहर के 8 झूलेलाल मंदिरों से निकलने वाली झांकियों के साथ विशाल शोभायात्रा निकलेगी। मुख्य दिवस पर समाज के व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। मीडिया प्रभारी मूलचंद बहरवानी ने बताया कि नाथद्वारा सराय स्थित झूलेलाल मंदिर में महंत टेऊंराम भगत की अध्यक्षता में बैठक में तैयारियों की समीक्षा कर विभिन्न समितियां गठित की गई। महापर्व के दौरान प्रतिदिन भजन-कीर्तन, पंजड़े, अभिषेक आरती व रात्रि में सामूहिक छेज खेला जाएगा। 15 मार्च को शिक्षा विदों का सम्मान, प्रसादी व बहराणा स्थापना होगी। 20 मार्च को सामूहिक भंडारा तथा इंद्रा मार्केट सिंधी व्यापारी एसोसिएशन द्वारा सामूहिक भोजन प्रसादी आयोजित की जाएगी। बैठक में टेऊराम साहब, मंघाराम भगत, रमेश चन्द्र सभनानी, हीरालाल गुरनानी, विरूमल पुरशानी, हेमनदास भोजवानी, हरीश सखरानी, महेश खोतानी, रामचन्द्र खोतानी, गुलशन कुमार विधानी, विनोद झुरानी, किशोर लखवानी, राजकुमार टहल्यानी, कमल वैशनानी सहित कई समाजजन उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

# प्रशासन कि लापरवाही से बाजार में फैला कीचड़,ग्रामवासी परेशान

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ ।**



कस्बे में मुख्य बाजार में लक्ष्मीनारण भगवान के मंदिर के पास नाली का गंधा पानी सड़क पर बहने से राहगीरो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।इस मार्ग पर लक्ष्मीनाथ मंदिर,चारभुजा नाथ बड़ा मंदिर, जैन मंदिर है । जहाँ रोजाना सैकड़ो भक्तों का आना जाना रहता है । स्कूल जाने के लिए भी विद्यार्थियों को कीचड़ में होकर गुजरना पड़ता है । प्रशासन की लापरवाही से कस्बेवासी परेशान है ।

# सिमरन को मिली दीक्षांत समारोह में BLIS की डिग्री

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**



संगम विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह में आसींद निवासी एवं स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी शिवराज सोनी की सुपुत्री सिमरन सोनी को बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन साइंस (BLIS) की डिग्री प्रदान की गई।

समारोह में राजस्थान के राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागड़े ने विभिन्न संकायों के 871 विद्यार्थियों को सांकेतिक रूप से डिग्रियां वितरित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

सिमरन ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुओं को देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके आशीर्वाद और मार्गदर्शन का परिणाम है। इस अवसर पर सांसद दामोदर अग्रवाल, संगम समूह के चेयरपर्सन रामपाल सोनी, कुलपति प्रो. करूणेश सक्सेना, आईआईएम इंदौर के निदेशक प्रो. पी.के. सिंह एवं प्रो-वीसी प्रो. मानस रंजन पाणिग्रही सहित गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर, 136 मरीजों की जांच; 3 का होगा मुफ्त ऑपरेशन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया**



**(नरेश धाकड़)।** सावललाल पुरोहित धार्मिक एवं पूर्त न्यास तथा नन्दू बाई सूरज बाई धार्मिक एवं पूर्त न्यास के तत्वावधान में नगर के नटराज हॉस्पिटल, में रविवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 136 रोगियों की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई।

शिविर का शुभारंभ सुबह 11 बजे किया गया। विभिन्न रोगों की जांच एवं परामर्श के साथ नेत्र रोगियों की विशेष जांच की गई। जांच के दौरान तीन रोगियों को ऑपरेशन योग्य पाया गया, जिनका कोटा स्थित सुधीर गुप्ता आई हॉस्पिटल में ट्रस्ट के सहयोग से निःशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा।

इस अवसर पर न्यासी कमलेश सनाढ्य, भवानी शंकर शर्मा, पूर्व विधायक बद्री प्रसाद गुरुजी, डॉ. दुर्गा शंकर मेहर सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक मायरा : 82.72 लाख का भराभात, सोना-नकद के साथ गौसेवा का संगम

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



**मूलचंद पेसवानी ।** जिले के आसींद उपखंड के बराणा गांव निवासी भदाला (जाट) परिवार ने परड़ोदास गांव में बहन कमला देवी पत्नी मोहन मुंदा के पुत्र-पुत्री के विवाह पर 82 लाख 72 हजार 201 रुपये का ऐतिहासिक मायरा भरकर मेवाड़ क्षेत्र में मिसाल पेश की। भाइयों हरदेव, छगन और सुखदेव भदाला ने 16.5 तोला सोना (करीब 26 लाख रुपये), 56 लाख 51 हजार 101 रुपये नकद तथा चूड़ा पर 21 हजार 101 रुपये भेंट किए। परिवार ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए अगरपुरा में निर्माणाधीन नवीन गौ चिकित्सालय के लिए 2 लाख 1 हजार रुपये नारायण भदाला (संस्थापक, नशा मुक्त एवं शहीद भगत सिंह गौ चिकित्सालय) को दिए। साथ ही परड़ोदास गांव के प्रत्येक घर को एक-एक स्टील बर्तन भेंट किया। बराणा निवासी सम्पत जाट ने बताया कि सुखदेव जाट माइंस एवं थ्रेसर गिट्टी प्लांट संचालित करते हैं। आयोजन में देवकरण ज्यानी (पूर्व सरपंच), छोटू बडला, सम्पत भदाला, छगना उला, नारायण भदाला, शंकर खाखल, हरदेव डंडेल, मिश्री डंडेल सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद रहे। पारंपरिक रीति-रिवाज, मंगल गीत और ढोल-नगाड़ों के बीच सम्पन्न इस मायरे को भाई-बहन के स्नेह, सामाजिक जिम्मेदारी और मेवाड़ की परंपरा की प्रेरक मिसाल बताया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।